**Seventeenth Loksabha**

an>

# Title: Regarding Construction of Dam on River Kosi in Nepal -laid

**श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल):** बिहार भारत का सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्य है। देश की कुल बाढ़ प्रभावित आबादी में 22.1 प्रतिशत हिस्सा बिहार का ही है। बिहार के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 73.06 फीसदी इलाका बाड़ की मार झेलने को विवश है। बिहार में देश के अन्य बाढ़ प्रभावित राज्यों की तुलना में नुकसान ज्यादा होता है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का 16.5 प्रतिशत बिहार में है। जब तक नेपाल में कोसी नदी पर हाई डैम नहीं बनाया जाता तब तक बिहार में बाढ़ की समस्या से निजात नहीं मिल सकती है। नेपाल में कोसी नदी पर बांध बनाने से कोसी के प्रवाह को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी क्योंकि कोसी का उद्गम स्थल नेपाल में ही है। इस परियोजना के पूरा होने से दक्षिण पूर्व नेपाल और उत्तर बिहार को बाढ़ से राहत मिलेगी वहीं दोनों देशों को सिचाई की भी सुविधा प्राप्त होगी । मैं केंद्र सरकार से माँग करता हूँ कि कोसी नदी पर जल्द से जल्द हाई डैम बनाने हेतु करवाई की जाय।